**Need to establish a medical college in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-laid**

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद **(**संत कबीर नगर**) :** मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूँ कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र संतकबीर नगर, उत्तर प्रदेश में आज भी मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं किया गया है । जिसके कारण हमारे यहाँ के मेडिकल विद्यार्थियों को दूर-दराज के मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई करने जाना पड़ता है और गरीब लोगों की इलाज, दवा नहीं हो पाती है । पूरे जिले संतकबीर नगर के गरीबों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।

अतः मैं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि मेरे प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार करें तथा मेरे क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज जल्दी से जल्दी बनवाने की कृपा करें ।